संख्या-54/2015/3193/71-1-2014-जी-264/2006

प्रेषक,

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 19 मार्च, 2015

विषय:- राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में वित्त नियंत्रक का 01 पद सृजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0-1/2014/3550, दिनॉक 12-11-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मेडिकल कालेज, कन्नौज में वित्त नियंत्रक के 01 पद को वेतन बैण्ड रू0 37400-67000, ग्रेड वेतन रू0 8900 में दिनॉक 29-02-2016 तक, बशर्ते कि इसे पूर्व ही किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष करते है।

2- सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारक को शासन द्वारा समय-समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ते देय होंगे।

3- सृजित किया जा रहा पद उ0प्र0 वित्त लेखा सेवा संवर्ग के अधिकारी से भरा जायेगा तथा सृजित पद उक्त संवर्ग में बढ़ा हुआ माना जायेगा।

4- उक्त पदों पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-83 के अंतर्गत लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-79-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-03-शिक्षा-0301-राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पंजी संख्या-ई-3-83/दस-2015, दिनॉक 17 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:- 54/2015/3193(1)/71-1-2014 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
4- कोषाधिकारी, कन्नौज।
5- वित्त (सेवाएं) अनुभाग-2
6- नियोजन अनुभाग-4/नियोजन प्रकोष्ठ समाज कल्याण विभाग।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in